नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# जंगल धूसड़, गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ..................                                                                                    दिनांक : 13.09.2019

## प्रकाशनार्थ

## (प्रो. सतीश चन्द्र मित्तल के आकस्मिक निधन पर महाविद्यालय में शोक सभा)

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रतिष्ठित इतिहासविद् एवं महाविद्यालय के अन्यय शुभचिंतक **प्रो. सतीश चन्द्र मित्तल के आकस्मिक निधन पर प्रार्थना सभा में दो मिनट का मौन** रखकर दिवंगत आत्मा की शन्ति एवं शोक संतप्त परिवार को धैर्य एवं सम्बल प्रदान करने हेतु प्रार्थना की गई। प्रो. सतीश चन्द्र मित्तल का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान एवं भारतीय इतिहास को भारतीय दृष्टि से लिखने, देखने और भारतीयों के समक्ष प्रस्तुत करने में उनके योगदान का उल्लेख करते हुए डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे विराट व्यक्तित्त्व का एकाएक इस धरा से चला जाना न केवल शिक्षा जगत के लिए बल्कि राष्ट्र और राष्ट्रीयता के लिए भी अपूर्णीय क्षति है। उनका पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय इतिहास की विकृतियों एवं जानबूझकर तथाकथित पूर्व इतिहासकरों द्वारा किये गये कलुषित प्रयासों को नष्ट करने का जीवन के अंतिम समय तक निरंतर प्रयास किया। भारत के गौरवपूर्ण एवं यशस्वी इतिहास को पुनर्स्थापित  करने में उनके प्रयास को हमेशा याद किया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धांजलि व्यक्त की।

**(डॉ. राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी